कार्यालयः राँची नगर निगम

(गोपनीय शाखा)
कचहरी रोड, रांची, पिन – 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक :- 2788   दिनांक :- 11.12.17

कार्यालय आदेश

झारखण्ड विधानसभा सभा का एकादश सत्र (शीतकालीन सत्र) दिनांक 12–12–2017 से प्रारम्भ हो रहा है जो दिनांक 15–12–2017 तक चलेगी। सत्र के दौरान माननीय विधानसभा सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर सामग्री ससमय उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसके मद्देनजर रांची नगर निगम कार्यालय हेतु श्री संजय कुमार, उप नगर आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है तथा इसके साथ सहायक के तौर पर श्री नरेश कुमार सिन्हा कार्यालय अधीक्षक, श्री रमण कुमार कम्प्युटर ऑपरेटर एवं श्री दिनेश कच्छप अनुसेवक को संबद्व किया जाता है।

संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देश दिया जाता है कि इस काल अवधि में प्रातः 10:00 बजे से सांय 8:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर माननीय विधानसभा सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर तैयार कर प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त कार्य हेतु संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी की यह निजी जिम्मेवारी होगी। सत्र की तिथि बढ़ोतरी होने की स्थिति में उक्त आदेश की काल अवधि में भी बढ़ोतरी समझी जायेगी।

11/12/17

नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची।

ज्ञापांक :- 2788 / दिनांक 11.12 2017।
प्रतिलिपि :- श्री संजय कुमार, उप नगर आयुक्त/श्री नरेश कुमार सिन्हा, कार्यालय अधीक्षक/श्री रमण कुमार, कम्प्युटर ऑपरेटर/श्री दिनेश कच्छप, अनुसेवक, रांची नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

11/12/17

नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची।

ज्ञापांक :- 2788 / दिनांक 11.12 2017।
प्रतिलिपि :- सभी शाखा के प्रभारी पदाधिकारी/शाखा प्रभारी/नगर प्रबंधक, रांची नगर निगम का इस निदेश के साथ प्रेषित कि (i) लम्बित प्रश्नोतरी सामग्री (यदि कोई हो) तत्काल सरकार को प्रेषित कराना सुनिश्चित करेंगे। (ii) प्राप्त होने वाले संभावित प्रश्नों का प्रश्नोत्तरी सामग्री ससमय तैयार कर प्रेषित करेंगे।

11/12/17

नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची।

12/12/17